● **सुनो, समझो और पढ़ो :**

# ६. चंदा मामा की जय

*– मंगल सक्सेना*

**जन्म :** १९३६, बीकानेर (राजस्थान) **मृत्यु :** जुलाई २०१६ **रचनाएँ :** 'मैं तुम्हारा स्वर' आदि । **परिचय :** मंगल सक्सेना जी कवि, नाट्यनिर्देशक, राजस्थान साहित्य अकादमी के सचिव के रूप में प्रसिद्‌ध थे । आपने हिंदी साहित्य निर्मिति में अच्छा योगदान दिया है ।

प्रस्तुत एकांकी में लेखक ने शांति-प्रियता, बड़ों का आदर, छोटों से प्यार, बुरी आदतों को त्यागने के लिए प्रोत्साहित किया है ।



**जरा सोचो ......... चर्चा करो**

यदि तुम्हारा घर मंगल ग्रह पर होता तो .......

## पात्र

**सुनील**–आयु ८ वर्ष, **अनिल**–आयु ५ वर्ष, **चार बच्चे**–प्रत्येक की आयु ३ से ५ वर्ष, **रातरानी**–आयु १३ वर्ष, **नींदपरी**–आयु ११ वर्ष, **चंदा मामा**–आयु १४ वर्ष, **दो तारे**–आयु प्रत्येक ९ वर्ष, **तीन पहरेदार**–आयु १०-१२ वर्ष

**समय :** अर्धरात्रि । **स्थान :** बादलों के देश में ।

**[रातरानी काली पोशाक में बैठी है । सामने टेबल पर हथौड़ी है । पीछे सेविका पंखा झल रही है । नींद परी के दोनों ओर एक-एक तारा खड़ा है । उनके हाथ में तारे की झंडी है । एक ओर नींदपरी हल्की नीली पोशाक, ढीली-ढाली बाँहोंवाला लंबा चोंगा पहने खड़ी है । वहीं पाँच बच्चे एक ही बेंच पर उनींदे-से बैठे हैं । सबसे छोटा बच्चा ऊँघ रहा है । सुनील अलग कुर्सी पर बैठा है ।]**

**(पर्दा उठता है ।)**

**नींदपरी** : ये रोने वाले बच्चे हैं, विशेषकर यह अनिल । खड़े हो जाओ । **(अनिल खड़ा हो जाता है)**

**रातरानी** : **(डाँटकर)** तुम क्यों रोते हो ? **(अनिल और जोर से रोने लगता है । सभी जोर से रोने लगते हैं ।)** अरे, चुप हो जाओ ! नींदपरी इन्हें किसी तरह चुप कराओ ताकि कार्यवाही चालू की जाए ।



❑ एकांकी का मुखर वाचन कराएँ । नाट्यीकरण कराएँ । विद्‌यार्थी अपनी माँ की कौन-कौन-सी बातें मानते हैं उनसे उनकी सूची बनवाएँ । उन्हें अपनी रुचि का काम बताने के लिए कहें । किसी कार्य की परख करते हुए उसे करने या न करने का निर्णय लेने के लिए प्रेरित करें ।



## वाचन जगत से

भारतीय मूल की किसी महिला अंतरिक्ष यात्री संबंधी जानकारी पढ़ो तथा विश्व के अंतरिक्ष यात्रियों के नाम बताओ ।

**नींदपरी** : और यह सुनील ... यह घर में चाय की कप-प्लेटें तोड़कर और अपनी माँ से पिटकर सोया था ।

**रातरानी** : इन्हें अपराध के अनुसार दंड देंगे । **(सुनील से)** तुम्हें सफाई देनी होगी । समझे, नहीं तो सजा दी जाएगी।

**नींदपरी** : यह अपनी माँ का कहना नहीं मानता । खाने के समय खाना नहीं खाता । यह खेलने के समय खेलता नहीं, पढ़ने के समय पढ़ता नहीं, कोई काम समय पर नहीं करता ।

**रातरानी** : जवाब दो ।

**सुनील** : **(भोलेपन से)** अच्छे बच्चे बड़ों को जवाब नहीं देते इसलिए मैं जवाब नहीं दूँगा ।

**नींदपरी** : यह बड़ों को ''तू'' कहता है, उनका आदर नहीं करता । दूसरों को पीटता है ।

**सुनील** : अच्छा, मैंने आपको ''तू'' कहा क्या? मैंने आपको पीटा क्या? यह तो झूठ-मूठ कहती है ।

**रातरानी** : देखो तुमने इन्हें ''कहती है'' कहा है, जबकि तुम्हें कहना चाहिए था- ''कहती हैं'' । **(गुस्से से)** तुम बड़ों का मजाक उड़ाते हो । हम तुम्हें कड़ी से कड़ी सजा देंगे। **(तभी अनिल रो पड़ता है । सब बच्चे चौंककर उधर देखते हैं और सभी गला फाड़कर रो पड़ते हैं ।)** क्यों रोते हो ? **(चिल्लाकर)** चुप रहो, वरना ...... **(रातरानी गुस्से से काँपने लगती हैं ।)**



**अनिल** : सुनील भैया को कड़ी सजा मत दो ! **(रोने लगता है । उसके साथ सब रोने लगते हैं ।)**

**रातरानी** : अच्छा-अच्छा... कड़ी सजा नहीं देंगे, चुप तो हो जाओ ! अनिल तुम सबसे अधिक रोते हो । क्यों?

**अनिल** : रोने से खाने को लड्डू मिलते हैं । **(सब हँस पड़ते हैं ।)**

**रातरानी** : हम तुम्हारी माँ को कहेंगी कि रोने पर तुम्हें डाँटा करें, तुम्हारी बात न माना करें - तब ?

**अनिल** : तब ....तब मैं और जोर-जोर से रोऊँगा ।

**सुनील** : रोने से हमको बताशे मिलते हैं इसलिए हम रोते हैं ।

**रातरानी** : यह बुरी बात है । हमेशा तुम्हें रोने पर बताशे नहीं मिलेंगे ।

**सुनील** : **(रुआँसा होकर)** आप क्षमा करें । मैं अब कभी कोई शैतानी नहीं करूँगा ।

❑ अकड़ना, डाँटना, चौंकना, शरमाना आदि क्रियाओं का विद्‌यार्थियों से मूक एवं मुखर अभिनय करवाएँ । उनसे इन क्रियाओं का वाक्यों में प्रयोग करवाएँ। एकांकी में आए कारक चिह्न खोजवाकर लिखवाएँ । उनका सार्थक वाक्यों में प्रयोग करने के लिए कहें ।



## खोजबीन

इस वर्ष का सूर्यग्रहण कब है ? उस समय पशु-पक्षी के वर्तन-परिवर्तन का निरीक्षण करो और बताओ ।

भूगोल सातवीं कक्षा पृष्ठ ७

**अनिल** : हम कभी नहीं रोएँगे परंतु सुनील भैया को सजा न दी जाए । इन्हें सजा मत दें ।

**रातरानी** : **(हथौड़ी पीटकर)** शांति-शांति ! शोर मत करो । **(इतने में चंदामामा आते हैं ।)**

**नींदपरी** : चंदामामा आप ?

**रातरानी** : चंदामामा ! **(खड़ी हो जाती है, सब खड़े हो जाते हैं ।)**

**सब बच्चे** : **(खुशी से तालियाँ पीटकर)** चंदा मामा आ गए ... ! चंदा मामा आ गए ...! चंदा मामा, जयहिंद !

**चंदा मामा** : जयहिंद , मेरे बच्चो, जयहिंद ! **(रातरानी से)** .... रातरानी, तुम बच्चों पर अन्याय कर रही हो ।

**रातरानी** : **(डरकर)** कैसा अन्याय मामा जी ?

**चंदा मामा** : एक व्यक्ति में अगर गुण अधिक हों और बुरी आदतें कम तो उसे क्षमा कर दिया जाता है ।

**रातरानी** : **(क्रोध से)** नींदपरी , तुमने हमें इनके गुण नहीं बताए, क्यों ?

**चंदा मामा** : यही तो बुरी बात है । किसी की बुराई के साथ-साथ उसकी अच्छाई को भी ढूँढ़ना चाहिए । यह सुनील अपने से छोटे बच्चों को कभी नहीं पीटता, उन्हें प्यार करता है । ये बच्चे अपने से बड़ों का कहना मानते हैं, उन्हें प्यार करते हैं, उनका आदर करते हैं । आपस में भी कभी नहीं झगड़ते ।

**रातरानी** : सचमुच ! इनके ये गुण तो मैं अभी-अभी देख चुकी हूँ ।

**नींदपरी** : रातरानी, ऐसे गुणवाले बच्चों को तो हमारे यहाँ सजा नहीं दी जाती ।

**रातरानी** : अगर ये बच्चे प्रतिज्ञा करें कि ये बुरी आदतें भी छोड़ देंगे तो इन्हें सजा नहीं दी जाएगी ।

**सब बच्चे** : हम प्रतिज्ञा करते हैं कि हम छोटी-बड़ी सभी बुरी आदतें छोड़ देंगे ।

**रातरानी** : सबको क्षमा किया जाता है । **(बच्चे खुशी से 'चंदा मामा की जय,' चंदा मामा की जय-जयकार करने लगते हैं ।)**



## मैंने समझा

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------



## शब्द वाटिका

**नए शब्द**

**सेविका** = सेवा करने वाली

**कड़ी** = कठोर

**मजाक** = हँसी-ठट्ठा

**शैतानी** = शरारत

**मुहावरा**

**गला फाड़कर रोना** = जोर-जोर-से रोना



## स्वयं अध्ययन

सौरमंडल की जानकारी पर लघु टिप्पणी तैयार करो और बताओ ।

- ग्रहों का क्रम
- उपग्रहों की संख्या
- पृथ्वी का परिक्रमा काल



## मेरी कलम से

किसी दुकानदार और ग्राहक के बीच होने वाला संवाद लिखो और सुनाओ : जैसे– माँ और सब्जीवाली ।



## विचार मंथन

।। बिन माँगे मोती मिले।।



## सदैव ध्यान में रखो

निवेदन सदैव विनम्र शब्दों में ही करना चाहिए ।


**१. किसने, किससे और क्यों कहा है ?**
(क) ''हम तुम्हें कड़ी से कड़ी सजा देंगे ।''
(ख) ''सबको क्षमा किया जाता है ।''

**२. इस एकांकी का सारांश अपने शब्दों में लिखो ।**
**३. इस एकांकी के पसंदीदा पात्र का वर्णन करो ।**
**४. नैतिक मूल्यों की सूची बनाओ और उनपर अमल करो ।**



## भाषा की ओर

निम्नलिखित वाक्य पढ़ो और मोटे और ( ) में छपे शब्दों पर ध्यान दो :




१. सर्वेश ने परिश्रम किया **और** इस परिश्रम ने उसे सफल बना दिया ।

२. मैं कर्ज में डूबा था **परंतु** मुझे असंतोष न था ।

३. प्रगति पत्र पर माता जी **अथवा** पिता जी के हस्ताक्षर लेकर आओ ।

४. मैं लगातार चलता **तो** मंजिल पा लेता ।

५. मुझे सौ-सौ के नोट देने पड़े **क्योंकि** दुकानदार के पास दो हजार के नोट के छुट्टे नहीं थे ।

उपर्युक्त वाक्यों में **और, परंतु, अथवा, तो, क्योंकि ....** शब्द अलग-अलग स्वतंत्र वाक्यों या शब्दों को जोड़ते हैं । ये शब्द **समुच्चयबोधक अव्यय** हैं ।

१. वाह ! क्या रंग-बिरंगी छटा है ।

२. अरे ! हम कहाँ आ गए ?

L4UBPQ

३. अरे रे ! पेड़ गिर पड़ा ।

४. छिः ! तुम झूठ बोलते हो ।

५. शाबाश ! इसी तरह साफ-सुथरा आया करो ।

उपर्युक्त वाक्यों में **वाह, अरे, अरे रे, छिः, शाबाश** ये शब्द क्रमशः खुशी, आश्चर्य, दुख, घृणा, प्रशंसा के भाव दिखाते हैं । ये शब्द **विस्मयादिबोधक अव्यय** हैं ।